Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:17 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:50 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 219 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 24 फरवरी 2025

छावा के सामने पस्त हुई मेरे...पेज-3 पर

## स्ट्रॉन्ग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा उत्तराखंड: पीएम मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के बहुत लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीटों ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड स्ट्रॉन्ग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। यह कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से 'मन की बात' में यह बात कही।



पीएम ने 28 जनवरी को देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। तब उन्होंने उम्मीद जताई थी कि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन करेगा। उत्तराखंड ने न सिर्फ खेलों का भव्य आयोजन किया, बल्कि खेल मैदानों में भी उसका शानदार प्रदर्शन रहा। आकाशवाणी पर अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने इन सारी बातों का जिक्रकिया। उनके कार्यक्रम का काफी हिस्सा उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों पर केंद्रित रखा। उन्होंने कहा, देश के बहुत लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीटों ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। प्रधानमंत्री ने कहा, उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। इस बार उत्तराखंड सातवें स्थान पर रहा। यही तो पावर ऑफ स्पोर्ट्स है, जो इंडिविजुअल और कम्युनिटीज के साथ-साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। इससे जहां भावी पीढ़ियां प्रेरित होती हैं, वहीं कल्चरल एक्सीलेंस को भी बढ़ावा मिलता है।

उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स ने यह भी दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। कंफर्ट के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता। आज देशभर में इन खेलों के कुछ यादगार प्रदर्शनों की खूब चर्चा है। इन खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली सर्विस की टीम को मेरी बहुत-बहुत बधाई। राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूं।



*आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। देवभूमि से विशेष लगाव रखने वाले प्रधानमंत्री का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हृदय तल से आभार, राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। पीएम के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को खेलों का हब बनाने और खिलाड़ियों के समग्र उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।*

*- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री*

### अधिकारियों को मास्टर प्लान पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

## जौनसार बावर के दो दिवसीय दौरे पर सीएम धामी, मॉर्निंग वॉककर लोगों से की मुलाकात

देहरादून
हमारे संवाददाता

जौनसार बावर दौरे पर पहुंचे सीएम धामी ने कहा कि महासू महाराज की कृपा से बहुत सारे काम कर लिए। आज के समय में उत्तराखंड देश में विभिन्न विषयों में लगातार चर्चाओं में है। देश के अग्रणी राज्यों में हमारा स्थान आ रहा है। विकास के मामले में नीति आयोग के 2023-24 के इंडेक्स में पहले स्थान पर आया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय जौनसार बावर दौरे पर आज सुबह हनोल में मॉर्निंग वॉक के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने महासू देवता मंदिर क्षेत्र के पुनर्विकास के मास्टर प्लान पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बाजार भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय जा रही छात्राओं से भी मुलाकात कर उन्हें आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने महासू देवता मंदिर क्षेत्र के पुनर्विकास को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनर्विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और श्रद्धालुओं



की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार जौनसार-बावर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। सीएम धामी ने त्यूणी में इससे पहले दिन मुख्य जन सेवक कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे मां यमुना की सहायक नदी टोंस के तट पर इस नैसर्गिक सुंदरता, आध्यात्मिक चेतना, विशेष परंपराओं की पुण्य धारा में आप सभी के बीच आने का मौका मिला है। कहा कि 2022 के चुनाव परिणाम आने से पहले महासू महाराज के दर्शन करने के लिए आए थे। इसके बाद से प्रतीक्षा थी कि कब महासू महाराज बुलाएंगे। लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के पास स्थित मैदान में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे धाम में कोई भी अपनी इच्छा से नहीं आता है। आपकी इच्छा होगी और महासू महाराज की इच्छा नहीं होगी तो आप नहीं आ पाओगे। कहा कि रणवीर सिंह पीछे ही बैठे हैं, उन्होंने पूछा कि देवता के दर्शन के लिए कब चलेंगे तो उनको बताया कि जब बुलावा आएगा तब जाएंगे, हमारे सोचने से क्या होगा। सीएम ने कहा कि उन्होंने तय किया था कि मुखवा हर्षिल में 27 को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सोचा था कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से पहले महासू देवता के दर्शन जरूर करेंगे। विधानसभा का सत्र कल समाप्त हुआ है। उसे एक दिन पहले मैंने सोच लिया था कि अब वहां कार्यक्रम करना है। महासू देवता के दर्शन करेंगे उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। आगे के कामों के लिए उनसे आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ेंगे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार विधानसभा में बहुत ऐतिहासिक काम किए गए हैं। एक कानून और बना दिया गया जिसकी प्रतीक्षा उत्तराखंड राज्य को लंबे समय से थी। इसके लिए अनेक मंचों पर लगातार आवाज उठती थी कि उत्तराखंड की जो हमारी जमीन और संसाधन हैं वह खुर्दबुर्द हो रहे हैं। अनेक प्रकार के लोग यहां आकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को खराब कर रहे हैं। कहा कि महासू महाराज की कृपा से राज्य के देवतुल्य जनता से किए गए सारे वचन पूरे किए। इस बार विधानसभा के सत्र में, जो लंबे समय से कह रहे थे कि सशक्त भू-कानून लाएंगे।

## निवेश में अधिक लाभ के लालच में महिला से 8 लाख की ठगी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

अज्ञात व्यक्ति ने निवेश में अधिक लाभ का लालच देकर एक महिला से 8 लाख रूपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अल्पना शाह पत्नी विकास शाह निवासी थाना ट्रांजिट कैंप ने कहा है कि 12 दिसम्बर 2024 से 18 दिसम्बर 2024 तक उसके मोबाईल पर अज्ञात नम्बर से एक व्यक्ति ने सम्पर्क करते हुए उसको अल्प समय में लाभ प्रदान करने की योजना से अवगत कराते हुए पूँजी निवेश कराया गया। उसका कहना है कि आरम्भ में उसे लाभ भी दिया गया और आधारकार्ड आदि उपलब्ध करा पूर्ण विश्वास दिलाया गया कि वह कम्पनी संचालित करते हैं। आरोप है कि उससे एवं उसके पति व रिश्तेदारों के बैंक खातों से लगभग 8 लाख रूपये का भुगतान प्राप्त कर लिया। धनराशि वापस मांगने पर पुनः 6 लाख रूपये की मांग करने लगे जिस पर संदेह हो गया कि इनके द्वारा ठगी की जा रही है। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फड़ ठेला संगठन ने प्रशासन पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी शहर में फड़ ठेला संगठन द्वारा नगर निगम में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित नगर निगम के खिलाफ गरीब फड़ ठेला व्यवसाइयो का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। नगर निगम में प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में हर कोने में गरीब लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। वेंडिंग जोन और नॉन वेंडिंग जोन को प्रशासन आज तक नहीं बन पाया और हर बार प्रशासनिक अधिकारियों के तालमेल के अभाव का खामियाजा फड़ और ठेला वाले चुकाते है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है सिटी मजिस्ट्रेट छापेमारी कर उनके चालान और सामान जप्त कर रहे हैं जबकि नगर निगम ने उन्हें वेंडिंग जोन करार दिया है। और हर बार प्रशासन का वेंडिंग जोन बदल जाता है। ऐसे में भारत सरकार की योजना से लोन प्राप्त कर काम कर रहे फंड और ठेला स्वामियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।



## 26 व 27 फरवरी को एक बार फिर बदलेगा मौसम, पहाड़ों होगी बर्फबारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से उत्तराखंड में रुक-रुक कर मौसम बदल रहा है। ठंडी हवाओं के बढ़ने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिसकी वजह से बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

भले दो दिन से मौसम साफ हो लेकिन फरवरी के अंत में एक बार फिर उत्तराखंड में मौसम बदलने के आसार हैं। प्रदेश के सभी जिलों में हल्की बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से 26 और 27 फरवरी को बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से उत्तराखंड में रुक-रुक कर मौसम बदल रहा है। ठंडी हवाओं के बढ़ने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिसकी वजह से बारिश और बर्फबारी की संभावना है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 26 फरवरी को देहरादून समेत उत्तरकाशी और टिहरी जिले के कुछ हिस्सों में तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। 27 फरवरी को बागेश्वर और ऊधमसिंह नगर जिले को छोड़ पूरे प्रदेश भर में हल्की बारिश होने के आसार हैं। जबकि पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी होने से तापमान पूरे प्रदेश में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

## यात्री वाहन खड़े ट्रक से भिड़ा, चार की मौत और तीन घायल

मिर्जापुर
एजेंसी

यूपी के मिर्जापुर में दर्दनाक सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। एक वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गया। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज चल रहा है।

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन हादसे का शिकार हो गया। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से वाराणसी लौटते समय तेलंगाना का एक यात्री वाहन सड़क किनारे खड़ा ट्रक से टकरा गया। हादसे में चार





लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शनिवार देर रात लालगंज-मिर्जापुर रोड पर तुलसी गांव स्थित किसान ढाबा के पास हुआ। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के यात्रियों का वाहन प्रयागराज से संगम स्नान कर लौट रहा था। वाहन की रफ्तार तेज थी। वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी और थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

उपचार के दौरान तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के चित्र (44), विशाल (20), वेंकट रेड्डी (40) और माल रेड्डी (40) ने दम तोड़ दिया। वहीं, हादसे में घायल मोतीला (40)संगारेड्डी, तेलंगाना, वीरेंद्र कुमार (32) शंभूपुरा, वाराणसी और राहुल (26) वाराणसी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ड्रग डिस्कवरी विषय पर विस्तृत चर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने भीमताल स्थित जे.सी. बोस परिसर में फार्मेसी के छात्रों के साथ संवाद करते हुए ड्रग डिस्कवरी विषय पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. रावत ने ड्रग डिस्कवरी प्रक्रिया की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह औषधीय अनुसंधान में एक क्रांतिकारी क्षेत्र है। उन्होंने समझाया कि नई दवाओं की खोज के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक तकनीकों और नवीन विधियों का प्रयोग आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अनुसंधान परियोजनाओं में भाग लेने और नवीन औषधीय यौगिकों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि औषधीय अनुसंधान और नवाचार से न केवल नई दवाओं का विकास संभव होता है बल्कि इससे चिकित्सा जगत को भी अत्यधिक लाभ मिलता है। कुलपति ने विश्व स्तर पर हो रहे फार्मास्युटिकल अनुसंधानों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में एक मजबूत भूमिका निभा सकता है और छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

छात्रों ने कुलपति से अपने शोध कार्यों और करियर संबंधी जिज्ञासाओं पर भी चर्चा की। कुलपति ने उन्हें अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसरों की जानकारी दी और विश्वविद्यालय द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रयोगशालाओं को आधुनिक उपकरणों से लैस कर रहा है ताकि छात्रों को अनुसंधान के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं मिल सकें। इस संवाद के माध्यम से कुलपति प्रो. रावत ने फ र्मेसी छात्रों को अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने और वैश्विक स्तर पर भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।

## NEWS / फटाफट

### छात्रा अमनदीप ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की छात्रा अमनदीप कौर ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की। बता दें कि अमनदीप ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में पास किया। अमनदीप की इस उपलब्धि पर संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी समेत डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ.ममता जोशी, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. निधि वर्मा साह, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. तेजप्रकाश, डॉ. पूजा जोशी पालीवाल, डॉ. अंकिता आर्या, डॉ. गौतम रावत, रितिशा शर्मा, सूबिया नाज, पंकज भट्ट, चंदन जलाल, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालीवाल तथा बिशन कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया तथा बधाई एवम शुभकामनाएं दी। अमनदीप की सफ लता पर कूटा एवं यूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने बधाई एवं शुभकामनाए दी हैं।

### शोध छात्रा सोनम ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के अर्थशास्त्र विभाग की शोध छात्रा सोनम कुटियाल ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग का मान बढ़ाया है। बता दें कि सोनम वर्तमान में प्रोफेसर रजनीश पांडे के निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष कला प्रो. पद्म एस बिष्ट समेत डॉ नंदन बिष्ट, डॉ जितेंद्र कुमार लोहनी, डॉ सारिका वर्मा, डॉ ऋचा, डॉ दलीप, नवीन, डॉ प्रीति, डॉ. अमित तथा डॉ रमेश एवं अन्य शोधार्थियों आदि ने भी सोनम को इस उपलब्धि पर बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### नियमितीकरण को 233वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर प्रदेश में चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 233वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में स्थित हिंगला देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह,वेद प्रकाश, महेश कुमार तथा गोपाल बिष्ट व नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### कोहरे के साथ घने बादल पूरे दिन आसमान में डेरा



**नैनीताल।** नैनीताल का मौसम रविवार को गुलाबी ठंड का एहसास दिलाता रहा। कोहरे के साथ घने बादल पूरे दिन आसमान में डेरा डाले रहे। मौसम बदलने से तापमान में गिरावट आ गई है। नगर का मौसम का मिजाज पूरे दिन बदला हुआ नजर आया। धूप के कुछ ही समय के लिए दर्शन हुए जबकि बाकी समय वर्षा होने का एहसास कराते रहा। कोहरे के आगोश में देर शाम मौसम एक समान बना रहा । वर्षा नहीं हुईए अलबत्ता बारिश व बर्फबारी के कयास लगते रहे। ठंड में वृद्धि के कारण दिन में ही हीटर व आग का सहारा लेने के लिए लोग मजबूर हुए तो विभिन्न शहरों से पहुंचे सैलानी टोपी मफलर के साथ गर्म ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए। शाम के समय ठंड में अधिक बढ़ोतरी हो गई। जिस कारण लोग बर्फबारी के कयास भी लगाने लगे हैं। बहरहाल मौसम विभाग की ओर से बर्फबारी की कोई संभावना नहीं जताई गई है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।



# शिल्पकार सभा की आम बैठक का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शिल्पकार सभा की आम बैठक रविवार को सभा भवन में शिल्पकार सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम सभा के कोषाध्यक्ष संजय कुमार द्वारा आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। लेखा जोखा सदन द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। सदन में चुनाव की तिथि 2 मार्च 25 (रविवार) तय की गई,तय किया गया कि चुनाव के लिए सुबह 11.15 से नामांकन किया जाएगा जबकि 11.30 से लेकर 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी,वहीं 12.10 बजे तक नाम वापसी जबकि अपराह्न12.30 बजे से शाम को तीन बजे तक मतदान होगा वहीं मतगणना के तुरंत बाद विजेता पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। बैठक में रमेश चंद्र, राजेंद्र प्रसाद, श्याम नारायण,गिरीश चंद्र, धर्मेंद्र कुमार, राजेश लाल, अनिल कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार, विजय कुमार, डॉ. प्रहलाद आर्य, बच्ची चंद, संतोष कुमार,संजय कुमार संजू तथा बंटू तथा प्रेम प्रकाश किलकोटी, सुंदर लाल तथा गिरीश चंद्र आदि उपस्थित रहे। संचालन देवेंद्र प्रकाश ने किया।

# नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के त्रिवार्षिक सम्मेलन का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के त्रिवार्षिक सम्मेलन का आयोजन शनिवार को शारदा संघ नैनीताल में किया गया। जिसमें आय व्यय का ब्योरा रखने के साथ नई कार्यकारिणी गठित की गई।

जिसमे अभय गुप्ता को अध्यक्ष, प्रवीण साह को महामंत्री, रजत साह को कोषाध्यक्ष, सुदर्शन बिष्ट, मुकेश पंत, राजेश पांडे और निर्मल जोशी को उपाध्यक्ष, दया मेहता, सुरेश शुक्ला, अजय बिष्ट, जय प्रकाश सुयाल, गौरव तिवारी, अनुराग रावत, मयंक मलकानी, रवि, मोहित मिश्रा, विजय गुप्ता और चेतन पुरोहित को सहायक महामंत्री नियुक्त किया गया। लिपिकीय संवर्ग में पर्याप्त भर्ती, प्रत्येक शाखा में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराना, बैंक के विकास के लिए नीतियां बनाना, प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त दुरुस्त बनाने का प्रयास करना आदि पर जोर दिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि जल्द ही प्रबंधन को ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यहां दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से आए हुए प्रतिनिधि शामिल हुए।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नशा नहीं- रोजगार दो आंदोलन को लेकर बैठक आयोजित हुई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में नशा नहीं- रोजगार दो आंदोलन के विस्तार के क्रम में नैनीताल समाचार के कार्यालय में राजीव लोचन साह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक की गई।

बैठक में राजीव लोचन साह ने 41 वर्ष पूर्व हुए नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में शामिल अधिकांश लोगों का मानना था कि रोजगार न मिलने के कारण उत्पन्न अवसाद के कारण युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में है तथा कैमेकिल नशा तथा इंजेक्शन व स्मैक आज शराब से अधिक घातक हैं जो खास तौर पर विद्यार्थियों को बर्बाद कर रहा है।

वक्ताओं ने सुझाव दिया कि नशे के अड्डों को चिंहित किया जाए तथा नशे के शिकार युवाओं के अभिभावकों से बातचीत की जाए तथा इस प्रकार सामाजिक दबाव बनाया जाय। बैठक में शामिल लोगों का यह भी मानना था कि स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक नशे का शिकार हो रहे हैं अत: स्कूलों में जाकर नाटक आदि के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ प्रेरित किया जाए। बैठक में पी. सी. तिवारी ने अल्मोड़ा एवं हल्द्वानी में हुई बैठकों का ब्यौरा देते हुए नशे और रोजगार के सवाल पर व्यापक कार्यक्रम आवश्यक्ता पर बल दिया। बैठक में अजय, जय जोशी, पंकज भट्ट, मनमोहन सिंह चिलवाल, ज्योति दुर्गापाल, हरीश पाठक,धना पांडे, राधा देवी, विमला पांडे, मंजू पांडे, माया चिलवाल, चम्पा उपाध्याय, कविता उपाध्याय, कंचन जोशी और दिनेश उपाध्याय आदि ने भाग लिया।

# झील में कूदकर नहाने का वीडियो वायरल, दोनों पैडल बोट का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता



इसे बिडंबना ही कहा जाएगा जिस जीवनदायिनी नैनी झील में बिना लाईफ जैकेट पहने नौकायन करने पर बिल्कुल सख्त मना है उसी नैनीझील में नौका विहार के दौरान पर्यटकों की ओर से झील में कूद मारकर नहाने का वीडियो वर्तमान में तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में अब नगर पालिका प्रशासन की ओर से दोनों पैडल बोट का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

अक्सर देखा जाए तो वर्षभर ही नैनी झील में नौकायन के दौरान नियमों को ताक में रखा जाता है। इधर शनिवार की शाम को भी मल्लीताल क्षेत्र में झील के बीच में पर्यटकों ने हद पार कर दी। दो पैडल बोट में सवार पर्यटकों ने कपड़े खोलकर झील में छलांग लगा दी। देर तक पर्यटक झील में तैरते रहे। जिसके बाद वह बोट में चढ़कर दोबार छलांग लगा रहे थे। इस दौरान पर्यटकों की हरकत से नौकायन कर रहे अन्य महिला पर्यटकों को शर्म से अपना मूंह फेरना पड़ा।

लगभग आधे घंटे तक बीच झील पर्यटकों का नंगा नाच चलता रहा लेकिन ना तो नाव चालकों ने उनको रोका ना ही पालिका की टीम की ओर से कोई कार्रवाई की गई। लेकिन झील किनारे खड़े लोगों ने इसका वीडियो सूट कर सोशल मीडिया में डाल दिया। जिसके बाद से सोशल मीडिया में यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि मामले में दोनो पैडल बोट का लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

# अभिमत

## सब तरफ चुनौती

*पिछले तीन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मतदाता ने खारिज करके सत्ता हासिल नहीं करने दी। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में पराजय के कारण सत्ता से वंचित है। उत्तराखंड में लोकसभा, विधानसभा, निकाय चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तराखंड में कांग्रेस के विधायक और वरिष्ठ नेता तिलकराज बेहड़ ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाते हुए संगठन में बदलाव करने को कहा है। निकाय चुनाव में टिकट देने में कांग्रेस विधायकों की उपेक्षा का खुलेआम आरोप लगाया।*

राजनीति से जुड़े लोगों में उतार-चढ़ाव मामूली बात है। जीवन के हर क्षेत्र में परिवर्तन होता रहता है। किसी का समय एक जैसा नहीं रहता है। कोई भी पार्टी हमेशा सत्ता में नहीं रहती है। चुनाव में हार-जीत स्वाभाविक प्रक्रिया है। देश की सबसे अधिक लगभग एक सौ चालीस साल पुरानी कांग्रेस पार्टी कई वर्षों से संक्रमण काल से गुजर रही है। दूसरी पार्टियों से चुनौती के साथ ही कांग्रेस संगठन को आंतरिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मतदाता ने खारिज करके सत्ता हासिल नहीं करने दी। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में पराजय के कारण सत्ता से वंचित है। उत्तराखंड में लोकसभा, विधानसभा, निकाय चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तराखंड में कांग्रेस के विधायक और वरिष्ठ नेता तिलकराज बेहड़ ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाते हुए संगठन में बदलाव करने को कहा है। निकाय चुनाव में टिकट देने में कांग्रेस विधायकों की उपेक्षा का खुलेआम आरोप लगाया। तिलकराज बेहड़ रुद्रपुर में मेयर पद के प्रत्याशी की हार पर मुखर होकर बोल रहे हैं। बेहड़ किच्छा से विधायक हैं, लेकिन रुद्रपुर उनकी राजनीति का केन्द्र बिन्दु रहा है। पृथक उत्तराखंड राज्य बनने से पहले रुद्रपुर-हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र व्यापक था। बेहड़ इसी क्षेत्र से कई बार चुनाव जीतकर विधायक बने थे। किच्छा से चुनाव जीतने के बाद अपने गृह नगर रुद्रपुर की राजनीतिक गतिविधियों में दखल रखते हैं। कांग्रेस के संगठन में किसी का नाम लिये बिना बदलाव करने की बात कह रहे हैं। विधायक बेहड़ के अलावा अन्य कई नेता भी कांग्रेस के राज्य से लेकर जिला व ग्रामीण स्तर तक के संगठन से संतुष्ट नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता हरीश रावत तथा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा एक-दूसरे पर अक्सर टिप्पणी करते रहते हैं। टिकट वितरण से लेकर चुनाव प्रचार तक कांग्रेस के पदाधिकारी एकजुट नहीं होते हैं। कांग्रेस का जनाधार लगातार कमजोर होता जा रहा है। किसी भी पार्टी की बुनियाद कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस के ज्यादातर कार्यकर्ता सुरक्षित ठिकाने के तौर पर दलबदल करते जा रहे हैं। चुनाव के दौरान दलबदल का दौर शुरू होने पर वरिष्ठ नेता भी पार्टी छोड़ जाते हैं। कांग्रेस की दयनीय स्थिति पर विधायक बेहड़ का चिंतित होना और संगठन में बदलाव की बात उचित है।

# अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नेहरू युवा केंद्र एवं माई भारत नैनीताल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुमाऊंनी कारवां पंगोट( नैनीताल) में चल रहे पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शनिवार को भव्य समापन हो गया।

बता दें पांच दिनी इस विशेष कार्यक्रम में अतिथि राज्य बिहार के पूर्वी चम्पारण समेत सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर एवं खगरिया से पांच-पांच युवा एवं दो ग्रुप लीडर कुल 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। शनिवार को समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि व भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता गोपाल सिंह रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी जिलों के प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और वहीं नैनीताल जिले के खुर्पाताल से विनोद कुमार एंड पार्टी की सांस्कृतिक टीम ने देवभूमि कुमाऊं की लोक संस्कृति पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत ने भी सभी की प्रस्तुति की सराहना की और सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी एवं युवाओं को ज्ञान की जिज्ञासा रखने एवं सभी संस्तुति का सम्मान करने के बारे में बताया साथ ही अपने भ्रमण के अनुभव साझा किए । सांसद प्रतिनिधि रावत के द्वारा भी सभी प्रतुस्तियों की सराहना की गई एवं इसी तरह आगे भी प्रतिभाग करते रहने के लिए प्रेरित किया गया । समापन में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इस मौके पर नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी युवाओं का पहले स्वागत फिर आभार प्रकट किया गया,साथ ही पुष्कर दानू प्रशिक्षक द्वारा भी युवाओं का आभार प्रकट किया गया । समापन से पूर्व सभी जिलों के युवाओं द्वारा अपने अनुभव साझा किये एवं कार्यक्रम के सफ ल आयोजन के लिए नेहरू युवा केन्द्र नैनीताल का आभार प्रकट किया और वहीं मुजफ्फरपुर से मोनिका तथा समस्तीपुर से रोशन व पूर्वी चम्पारण से सन्नी झा तथा खगरिया से वाल्मीकि द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए नेहरू युवा केन्द्र नैनीताल की सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह एवं सुश्री मोनिका कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आरती, रूपा, अजय तथा अनुज आदि का विशेष सहयोग रहा।

## फड़ संचालक ने टैक्सी बाइक चालक का सिर फोड़ा

**नैनीताल** । नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में गलतफहमी को लेकर फड़ संचालक ने टैक्सी बाइक चालक का सिर फोड़ दिया। टैक्सी चालक ने उपचार के बाद उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को तल्लीताल बोट स्टैंड के समीप एक अवैध फड़ संचालक व टैक्सी बाइक चालक के बीच विवाद हो गया। इस दौरान फड़ संचालक आग बबूला हो गया। उसने टैक्सी बाइक चालक के सिर पर वार कर उसको लहूलुहान कर दिया। जिसके चलते मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोटिल टैक्सी चालक को अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद टैक्सी चालक गिरीश भट्ट ने तल्लीताल थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से लोगों का जमावड़ा थाने में लग गया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। शिकायत व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## भीमताल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी संस्थान सीआईसीएफआर का दर्जा मिला

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डीसीएफ और भीमताल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी संस्थान सीआईसीएफआर का दर्जा मिला।

भीमताल भारत के शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शीत जल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल को आधिकारिक तौर पर भारतीय कृषि अनुसंधान अनुसंधान परिषद केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान की संस्थान सीआईएफ आर का दर्जा मिला है या इस इस अवसर को उल्लास के साथ मनाया गया।



यह सामान इस संस्थान के द्वारा जिला कुछ वर्षों में किए गए उल्लेखनीय कामों से मिला है इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक एवं सचिव डी ए आर मुख्य अतिथि थे अपने अपने संबोधन में उन्होंनेसंस्थान के सभी कर्मचारियों अधिकारियों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी संस्थान के पूर्व निदेशक डॉक्टर प्रमोद कुमार पांडे ने सभी लोगों का अतिथियों का शॉल उड़ा कर किया डॉक्टर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि की केंद्रीय संस्थान का दर्जा प्राप्त होने में केवल हमारी पिछली उपलब्धियां के कारण ही मिला है तथा यह दर्जा हमें भविष्य के विकास के लिए अनुसंधान एवं विकास का विस्तार करने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और शीत जल मात्स्यिकी क्षेत्र में क्षेत्र में कुछ बड़े स्तर से अनुसंधान और विकास का कार्य होगा होगा इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## छावा के सामने पस्त हुई मेरे हसबैंड की बीवी



*रविवार को सिनेमाघरों में छावा ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, दूसरी ओर अर्जुन कपूर की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का हाल कुछ ठीक नहीं रहा। फरवरी महीने के शुरुआती दिन बॉक्स ऑफिस पर लगभग सभी फिल्मों के लिए ठंडे रहे, लेकिन विक्की कौशल फिल्म छावा ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर उम्मीद की किरण जगाई। हालांकि, फरवरी के आखिरी दिनों का हाल भी बहाल नजर आया, क्योंकि अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस भी सुस्त पड़ गई। वीकएंड पर फिल्मों की कमाई में सुधार आने की उम्मीद जताई गई थी, चलिए जानते हैं कि बीते दिन यानी रविवार को सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की है। 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का रविवार को सिनेमाघरों में तीसरा दिन था। साथ ही फिल्म का पहला वीकएंड भी था। हालांकि, छुट्टी वाले दिन का फायदा यह फिल्म उठा नहीं पाई और गिरावट के साथ कमाई की। रविवार को मेरे हसबैंड की बीवी ने 1.11 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि शनिवार को फिल्म ने 1.7 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 4.31 करोड़ रुपये हो चुकी है।*

### रफ्तार के साथ कमाई

*छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और पहले दिन से ही दर्शकों के बीच छाई हुई है। फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में है और इस दौरान भी यह रफ्तार के साथ कमाई कर रही है। वीकडेज के अनुसार इस वीकएंड पर फिल्म की कमाई में अच्छा उछाल देखने को मिला। अपने 10वें दिन यानी रविवार को छावा ने 40 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि, शनिवार के आंकड़ों के अनुसार, इसमें मामूली गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को फिल्म ने 44 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, अब छावा की कुल कमाई 326.75 करोड़ रुपये हो चुकी है।*

## महिला समूहों को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने की कार्ययोजना पर जोर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भवाली वन विभाग विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम जमरानी कैंट क्षेत्र अंतर्गत स्वयं सहायता समूह को रोजगार मजबूत बनाने के लिए रविवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रशासक ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट तथा वन संक्षक (दक्षिणी कुमाऊं वृत्त) टी. आर. बीजू लाल ने ग्रामीणों तथा ग्राम पंचायत तथा वन पंचायत व स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित करने एवं वनाग्नि की रोकथाम में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कार्यशाला में महिला समूहों को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने की कार्ययोजना पर जोर दिया।

कार्यशाला में ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों की बिक्री व प्रचार के लिए नैनीताल एवं अल्मोड़ा के समूह स्टॉल लगाए गए। प्रशासक प्रमुख डा.बिष्ट ने महिलाओं को सशक्तिकरण आत्मनिर्भर बनाने व आर्थिकी मजबूत करने वाले समूहों के उदाहरण भी दिए। कहा कि पहाड़ में आर्थिकी मजबूत करने के लिए अनेकों संभावना हैं। महिला समूहों को मजबूत बनाने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है साथ ही सभी से जंगलों को बचाने के लिए शपथ ली। सभी से जंगलों को बचाने की अपील की। वन संरक्षक टीआर बीजूलाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से पलायन रोका जा सकता है, जिसके लिए वन विभाग हरसंभव सहयोग करेगा। जिला पंचायत सदस्य जगत मार्तोलिया ने महिला समूहों को अपने उत्पादों का बाजार करने की योजना पर जोर दिया। महिलाओं को ट्रेनिंग के लिए हिमाचल भेजने की भी योजना बनाई गई है। कार्यक्रम में पौधों के संरक्षण के लिए रेख फ ावड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी राज कुमार, कन्हैया लाल,वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा, विजय मेलकानी, नितिन पंत सहित अन्य ग्रामीण स्वयं सहायता समूह विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# News कॉर्नर

## लालपुर में राजमिस्त्री का शव फंदे पर लटका मिला, मौत

**रुद्रपुर।** चौकी लालपुर क्षेत्र में राज मिस्त्री का काम करने वाले व्यक्ति का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हालांकि घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं थे। पुलिस के मुताबिक चौकी लालपुर क्षेत्र दुर्गा कालोनी निवासी 35 वर्षीय सतीश शर्मा पुत्र प्रेम स्वरूप शर्मा राज मिस्त्री का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके परिजन कहीं गये हुए थे और वह घर में अकेला था। कुछ देर बाद उसकी माता शांति देवी घर वापस लौटी तो उन्होंने पुत्र सतीश को कमरे में फंदे पर लटका देखा। चौकी प्रभारी लालपुर सुरेंद्र सिंह रिंगवाल ने बताया कि जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनों ने सतीश को फदें से उतार लिया था और तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने परिजनों से मामले में जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## ट्रांजिट कैंप में महिला घर में फंदे पर लटकी मिली, मृत्यु

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप में एक महिला का शव घर में ही फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय लतिका का विवाह सुखदेव मंडल निवासी- वार्ड 3जी ब्लॉक ट्रांजिट कैंप से करीब 12 वर्ष पहले हुआ था। मृतका के एक बेटा है। मृतका का पति,जेठ ससुर कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार गये। घर के अन्य सदस्य कहीं गये। वह घर पर अकेली थी। महिला को घर पर ही फंदे पर लटका देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया।

# महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता में जिले की 127 बालिकाओं ने दिखाए जौहर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में चतुर्थ नि:शुल्क जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता 2025 का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अथिति पूर्व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा, विशिष्ठ अतिथि राजकीय प्राथमिक विद्यालय रूद्रपुर की प्रधानाचार्या सुमन व्यास,मुकेश राय, टाटा लिमिटेड स्टील लि. दिल्ली के चेयरमैन अनिल नेगी, जिला जु-जित्सू ऐसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर महासचिव ऋषि पाल भारती ने सयुंक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय कर किया। मुख्य अतिथि डॉ.शर्मा ने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त बनाने के लिए जिला जुजित्सु संघ कर रहा कार्य अत्यधिक सराहनीय है। समाज में लड़कियों के लिये ये बहुत जरुरी है कि वो सशक्त, सुरक्षित और बेहतर माहौल प्राप्त करें। उन्हें जीवन की हर सच्चाई और कानूनी अधिकारों से अवगत होना चाहिये। महिलाओं के विकास के बिना देश और समाज का विकास अधूरा है। व्यास ने कहा कि बालिकाओं को किसी भी स्तर पर घबराने की जरूरत नहीं है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं, ताकि वह परिवार की जिम्मेदारी भी संभालने में पीछे न रह सके।कोषाध्यक्ष किशोर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज मे दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ के प्रति सभी महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त व जागरूक करना है, जिससे कि सभी बालिकाएं व महिलाएं आत्मरक्षा को सीखते हुए अपने जीवन में आत्मरक्षा को प्रथम स्थान देकर अपनी रक्षा कर सकें। इस दौरान जिला जुजित्सु संघ के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे जनपद से लगभग 127 बालिकाओं ने विभिन्न वर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाते हुए पदक जीते। जिसमें सब जूनियर आयु वर्ग की विभिन्न भार की फाइटिंग स्पर्धा में यशिका शर्मा, सहजप्रीत कौर, बानी कौर, आलिया, श्रुति ग्राडे, संजना,अदिति,सोनाक्षी, शिवानी यादव, आंशिक शर्मा पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता के दौरान विगत दिनों थाईलैंड में आयोजित हुई द्वितीय जु-जित्सू यूथ एशियन चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को जिला जु-जित्सू एसोसिएशन एवं मुख्य अतिथि ने प्रतीक चिन्ह एवं मालार्पण कर सम्मानित किया।आयोजक सचिव ऋषि भारती ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजित होने पर अतिथियों एवं सभी ऑफिशियल, कोचों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ 8 स्वर्ण पदक जीतकर रूद्रपुर टीम ने प्रथम स्थान, किच्छ टीम ने द्वितीय स्थान एवं गदरपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।निर्णायक भूमिका में कमल सिंह, हिमा भट्ट, रूनू शर्मा, प्रिय विश्वास, शिवानी लोरी, सृष्टि वशिष्ट शामिल रहे।

# बाइक की टक्कर से कावड़िये के घायल होने पर बवाल, हाइवे किया जाम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली किच्छा क्षेत्र देवरिया के पास बाइक की टक्कर से कावड़िया घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। इसके बाद गुस्साएं कावड़ियों ने हाइवे जाम कर दिया। हाईवे के जाम होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीएम भी पहुंचे। उन्होंने भोले भक्तों से जाम खोलने की अपील की। पुलिस व प्रशासन की कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कावड़िये जाम खुलवाने को राजी हुए।

सोमवार सुबह कावड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर पीलीभीत उत्तर प्रदेश जा रहे थे। इसी दौरान बाइक ने धर्मा मंडल निवासी ग्राम गबिया थाना माधो टांडा पीलीभीत उत्तर प्रदेश को टक्कर मार दी। बाईक की टक्कर से कावड़िये के घायल होने पर कावड़ियों में आक्रोश फैल गया। इससे गुस्साए कावंड़ियों ने राष्ट्रीय



राजमार्ग पर देवरिया में जाम लगा दिया। जाम की जानकारी मिलने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी डा उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा सहित आस पास का फोर्स मंगा लिया गया। बाद में प्रशासन जाम खुलवाने पर कावड़ियों को राजी करने के बाद जाम खुलवाने के प्रयास में जुटा है।

**आक्रोश**

● मौके पर पहुंची भारी संख्या में पुलिस,एसडीएम भी पहुंचे

# ग्राम पंगूँट में शिखर महोत्सव का भव्य आयोजन किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से रविवार को शिखर महोत्सव का आयोजन ग्राम पंगूँट में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश चन्द्र बुधलाकोटी व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान ललित मोहन थे। इस मौके नई दिशाएं के कलाकारों ने रंगारंग आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। नई दिशाएँ समिति संस्था राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उत्तराखण्ड की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है। इस बार शिखर महोत्सव के तहत 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के निर्देशक किशन लाल ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखे जाएंगे। इस मौके पर सह निर्देशक भगवती टम्टा, रिया टम्टा, अजय कुमार, ढोलक वादन रवि नेगी, हुड़का वादन भुवन कुमार, अजय कुमार, हर्षिता, ललिता, मोहन चन्याल, भुवन कुमार, नृत्य कलाकार पवन कुमार, हैरी हिमांशु, आशिष कुमार, चन्द्र प्रकाश, पंकज कुमार, पिंकी आर्या, दीपा आर्या, ज्योति, ऋतु दमवाल, कोमल, कविता थे।



# कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के महत्व व प्रावधानों और इसकी सामाजिक तथा कानूनी प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के विशेष मकसद से कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विवि के मुखिया व कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने इस तरह की कार्यशाला की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि इस तरह की कार्यशाला समान नागरिक संहिताओं की जटिलता को खत्म करके इसको लागू करने में सहायता प्रदान करें।

मुख्य अतिथि प्रो. एस डी0 शर्मा पूर्व संकायअध्यक्ष विधि संकाय कुविवि व विशिष्ट अतिथि प्रो. नुजहत परवीन खान जामिया मिलिया इस्लामिया केंद्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली और डॉ. सुरेश पांडे विभागाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद लॉ कॉलेज रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रो.दिवान सिंह रावत ने की। इस मौके पर परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा बताते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि भारत जैसी बहुसंख्यक देश में समानता के लिए यह बड़ा कद होगा। उत्तराखंड ने इसकी क्रियान्वयन के लिए कदम बढ़ाया है।

डॉक्टर सुरेश पांडे ने यूसीसी के पीछे क्या मुख्य आधार रहा और संविधान के भाग 4 में क्या कहा गया है और समर्थन में कौन.कौन सी बातें हैं उसका उल्लेख किया। कुलपति प्रो.रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य जो पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता को 27 जनवरी 2025 को लागू किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. एस0डी शर्मा ने यूसीसी के सामाजिक तथा न्यायिक व कानूनी प्रावधानों पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। प्रो0 एस0डी0 शर्मा ने उत्तराखण्ड राज्य के समान नागरिक संहिता के कानूनी पक्ष की बारीकियों को बहुत ही सरल तरीके से समझाया। कार्यशाला के अंतर्गत शिक्षकों के साथ-साथ परिसर के कर्मचारी तथा विद्यार्थी व शोधार्थी सभी लोग लगातार उपस्थित रहे। संचालन डॉक्टर पंकज सिंह नेगी ने किया जबकि प्रो0 हरीश सिंह बिष्ट ने समान नागरिक संहिता पर अपने विचार रखते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भट्टे पर काम करने वाला मजदूर कुछ ही दूरी पर पेड़ पर लटका मिला

**रुद्रपुर।** कोतवाली किच्छा क्षेत्र एक ईंट के भट्टे पर काम करने वाला मजदूर का शव भट्टे से कुछ दूरी पर पेड़ पर लटका होने की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम छिनकी में स्थित ईट भटटे पर काम करने वाला 25 वर्षीय दीपू पुत्र जुगाड़ी निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश यहां अन्य मजदूरों के साथ रहकर मजदूरी करता था।

# 29वें होली महोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में विभिन्न संगठनों द्वारा वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र लाल साह एवं जहूर आलम तथा चंद्र लाल साह के नेतृत्व में 29वें होली महोत्सव हेतु एक बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया।

श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट, युगमंच, शारदा संघ नैनीताल समाचार एवं अन्य संगठन की पहल पर आयोजित 29 वे होली महोत्सव का मुख्य आयोजन 9 मार्च को दिन में 1 बजे से नैना देवी मंदिर परिसर में खड़ी होली से प्रारंभ होगा। इसके पश्चात राम सेवक सभा मल्लीताल में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के दौरान महिला एवं पुरुष होल्यारो को सम्मानित किया जाएगा। बैठ होली का आयोजन 12 फरवरी की सायं से शारदा संघ में किया जाएगा जबकि नैनीताल समाचार द्वारा 13 मार्च को नैनीताल समाचार परिसर में आयोजित बैठ होली में वरिष्ठ होल्यार नरेश चमियाल को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष युवाओं को पारंपरिक होली गायन से जोड़ने के लिए राजेंद्र लाल साह एवं नवीन बेगाना के नेतृत्व में एक युवा एवं बाल कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। महोत्सव के समापन पर शारदा संघ की और से छलडी के दिन प्रातः 11 बजे से होली आशीष जुलूस निकाला जाएगा जिसमें सभी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में राजेंद्र लाल साह, मोहन चंद्र जोशी, जय जोशी, विनोद पांडे, जहूर आलम, दिनेश उपाध्याय, नवीन बेगाना, दीपक सहदेव, डॉ. हिमांशु पांडे, भास्कर बिष्ट, मनोज कुमार, मनु, बिशन सिंह मेहता, स्वतंत्र साह, कनिका रावत राणा, सुमन माहोरी, शांति रजवार, संजू तथा अदिति खुराना व श्रेयांशी राणा व प्रियअंश बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# एक मार्च से 10 दिवसीय सरस आजीविका मेले का होगा आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एमबी इण्टर कॉलेज मैदान में 10 दिवसीय सरस आजीविका मेले का होगा आयोजन। सरस मेले में देश के सभी राज्यों के स्वंय सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी रहेगा।

आगामी 1 मार्च से 10 मार्च तक एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित होने जा रहे 10 दिवसीय सरस आजिविका मेले की तैयारियों को लेकर एक बैठक शनिवार को जिलाधिकारी वन्दना की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी सरस मेले के आयोजित हेतु की जा रही विभिन्न व्यस्थाओं की जानकारी लेते हेतु निर्देश दिये कि सरस मेले का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्वंय सहायता समूहों के उत्पादों



की प्रदर्शनी के माध्यम से उनकी बिक्री हो, जिससे की वह समूह आर्थिक रूप से मजबूत हो, इस हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में लगाई जाने वाली प्रदर्शनी/स्टालों को मेले का मुख्य आकर्षण रखा जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरस मेले में बेहतर से बेहतर एसएचजी को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम रखे जाए। क्षेत्र में उचित पार्किंग, पेयजल, सफाई व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जिले में जो भी प्रगतिशील किसान, काश्तकार, उद्यमी आदि हैं उनका मेले में एक्सपोजर विजिट कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले के दौरान आगंतुकों को स्थानीय संस्कृति की झलक मिले इस हेतु कुछ संख्या में स्थानीय लोक कलाकारों को भी मंच प्रदान कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए।बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि सरस मेले में कुल 250 स्टॉल लगाए जा रहे हैं जिसमें 74 एसएचजी देश के विभिन्न राज्यों के, 117 उत्तराखंड राज्य के एसएचजी प्रतिभाग करेंगे 69 स्टॉल व्यसायिक लगाए जाएंगे।बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एपीडी चंदा फर्त्याल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।